# -:प्रेस नोट:-

## दिनांक- 08.08.2025

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण कर ली गई सलामी।**
- **तदोपरान्त पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्यों, आरटीसी बैरक, आरटीसी शौचालय, आरटीसी मेस आदि का किया गया निरीक्षण।**
- **पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटों की प्रशिक्षण योजना का लिया गया जायजा, दुरुस्त सिखलाई के दिए निर्देश।**
- **पुलिस लाइन में ट्रेनिंग कर रहे रिक्रूटों के शारीरिक स्वास्थ के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ को बेहतर बनाने के दिए निर्देश।**

**विवरण**- आज दिनांक 08.08.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया गया तथा परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात पुलिस लाइन में चल रहे लघु और वृहद निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूटों के प्रशिक्षण योजना को भी देखा गया तथा दुरुस्त सिखलाई हेतु प्रशिक्षकों को निर्देशित किया गया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी बैरिक, आरटीसी क्लासरुम, आरटीसी शौचालय, आरटीसी मेस आदि का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात रजिस्टर पेशी कर विभन्न रजिस्टरों को चेक किया गया। इस दौरान सहायक पुलिस अधिक्षक सुश्री मेविस टक व क्षेत्राधिकारी पीयुष पाण्डेय व अन्य संबंधित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।